नेहा मिश्रा, सेजल शर्मा व रोहन महाजन ने जीता 'ब्रेन बोनांजा' क्विज

जालंधर, 29 मार्च (विनीत): ए. पी. जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस में 'ब्रेन बोनांजा' क्विज कंपीटिशन का आयोजन इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बगला की अध्यक्षता में तथा एच.ओ.आर. कलब के कन्वीनर डा. ओ.आर. राजन चौधरी व को-कन्वीनर डा. सोनिका गर्ग के निर्देशन में किया गया, जिसमें इंस्टीच्यूट के विद्यार्थियों ने विभिन्न चार-चार टीमों बंटकर बिजनेस व लेटैस्ट ट्रैंड्स से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी योग्यता दिखाई।

इस दौरान नेहा मिश्रा, सेजल शर्मा व रोहन महाजन की टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रवेश, आदीप दूबे, अनुज धापा की टीम ने दूसरा और भविनी बगला, अर्जुन तथा अमृतांशु बसरा ने तीसरा स्थान पाया, जिन्हें डा. राजेश बगला ने पुरस्कृत करते हुए बधाई दी।

अंत में स्टूडैंट को आर्डिनेटर्स आदिति राणा, रिया राणा, स्वीताक्षी, मुस्कान, साक्षी, गुरवाणी व निशिका ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रतिभागियों के साथ मौजूद फैकल्टी स्टाफ।

Punjab Kesari 30March 2023

11:24 am ✓